हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 9 जुलाई 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 उपार्जन केन्द्र पर मूंग का सैंपल पास करने...



07 15 मिनट की बारिश ने खोली नगर पालिका के सफाई ...



## खबर संक्षेप

### ओलंपस में मनाया 11वां स्थापना दिवस




**विदिशा।** सागर रोड स्थित ओलंपस हाई स्कूल कैंपस में 11वें स्थापना दिवस पर अभ्युदय नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में विधायक मुकेश टंडन पहुंचे। प्राचार्या प्राची रघुवंशी ने स्कूल की उपलब्धियों को साझा किया। बच्चों ने कामयाबी डांस, इंगलिश ड्रामा और संगीत की प्रस्तुतियां दीं। विधायक मुकेश टंडन ने अपने उद्बोधन में विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। प्रबंधन ने पिछले वर्ष 11वीं और 12वीं के टॉपर्स को ट्रॉफी और स्कॉलरशिप सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्कूल संस्थापक यशपाल सिंह, संचालक मोहित रघुवंशी, केएन शर्मा, अतुल शाह, मनोज कटारे, लायंस क्लब के घनश्याम अग्रवाल, रवि उपाध्याय, श्यामबिहारी भार्गव, शालिनी भार्गव सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### रेस्क्यू टीम ने दो साल बाद परिजनों से मिलवाया

**विदिशा।** अपना घर आश्रम में एक बीमार,असहाय, लावारिस अवस्था में पहुंचे एक व्यक्ति मोहम्मद सदीक निवासीगांव बसंतपुर, पोस्ट मध्य नगर, तहसील तुलसीपुर, जिला बलरामपुर उत्तर प्रदेश को अपने परिजनों से मिलाया। उन्होंने अपने पिताजी मोहम्मद गनी का मोबाइल नंबर बताया। उस नंबर पर संपर्क किया गया तो उनके पिताजी और चचेरे भाई बाबूल्ला सोमवार को विट्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद सदीक को घर से निकले हुए दो वर्ष से अधिक हो गए।

### रथयात्राः कलेक्टर को दिया पहला आमंत्रण

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) विदिशा द्वारा 13 जुलाई शनिवार को नगर में भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। जिसके लिए प्रथम आमंत्रण पत्र कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य को दिया गया। उपरोक्त जानकारी भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा समिति सचिव नीरज चौरसिया ने दी।

# नगर भ्रमण के बाद अगले दिन धाम वापस लौटे जगन्नाथ स्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

रविवार को मानोरा धाम मंदिर से भक्तों को दर्शन देने रथ पर आरूढ़ होकर निकले भगवान जगदीश स्वामी रातभर जनकपुरी धाम मंदिर में रुके सोमवार को मंदिर में दिनभर भजन कीर्तिक और पूजन का सिलसिला चला। शाम को भगवान उसी रथ में विराजमान होकर वापस मानोरा मंदिर के लिए निकले। ढोल नगाड़ों के साथ श्रद्धालु ओर समिति के कार्यकर्ता नाचते हुए भगवान जगदीश स्वामी को निज धाम मानोरा मंदिर लेकर पहुंचे।

गांव की महिलाओं ने घर के आंगन में मंगलदीप जलाए, और कलश सजाए। जगन्नाथ स्वामी के निज धाम पहुंचते ही मेले का समापन हो गया। सोमवार को भी भगवान के दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में लोग जनकपुरी धाम मंदिर पहुंचे।

पूरा मंदिर परिसर दिनभर भक्तों से खचाखच भरा रहा। मेले में सोमवार को भी काफी भीड़ रही। मानोरा से हैदरगढ़ जाने वाले मार्ग पर बैरीकेटिंग कर बंद कर दिया गया था। हालांकि दूसरे दिन पुलिस बल की कम संख्या होने के कारण दो पहिया वाहन मेले परिसर में पहुंचने के कारण श्रद्धालुओं को कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव गांव से श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रॉलियों के माध्यम से सोमवार को भी मानोरा पहुंचे और भगवान के दर्शन किए। मेले में दूसरे दिन भी जबरदस्त भीड़ रही।



विदिशा। जनकपुरी धाम मंदिर में रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन सोमवार को भगवान अपने रथ में विराजमान होकर मानोरा धाम मंदिर में वापस आए। दूसरे दिन भी मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा।

## मरने से पहले सुसाइड नोट लिखकर इंस्टाग्राम पर वायरल किया


# उधार दिए रुपए मांगने पर पीटा, ट्रेन के आगे कूदा युवक, सुसाइट नोट में 3 लोगों के नाम

**कार्रवाई करने के बजाय फरियादी युवक से ही पुलिस ने मंगवाई थी माफी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सांची निवासी युवक बंटी लोधी ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। उसका शव सोमवार को कलेक्ट्रेट के पीछे पटरियों पर पड़ा मिला। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

मृतक के बड़े भाई ओमप्रकाश लोधी ने बताया कि उसके छोटे भाई बंटी ने कुछ लोगों को पैसे उधार दिए थे। रविवार को जब उसने उधार दिए पैसे मांगे तो मंटू कृपाल राजपूत, हर्ष राजपूत, अरविंद राजपूत ने बाजार में मेरे भाई बंटी लोधी के साथ मारपीट की। जिससे उसे काफी चोटें आईं थी। वह सांची थाने में रिपोर्ट दर्ज करने गया तो वहां उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इससे वह काफी दुखी हो गया था। इसी वजह से उसने ऐसा कदम उठाया। मृतक के भाई ओमप्रकाश ने बताया कि बंटी ने डायरी में एक सुसाइड नोट लिखा। जिसमें उसने आरोपियों के नाम लिखे हैं और उसने सुसाइड नोट इंस्टाग्राम पर भी वायरल कर दिया था। सुसाइड नोट में लिखा कि सांची में रहने वाले मंटू कृपाल राजपूत, हर्ष राजपूत, अरविंद राजपूत ने उसके साथ बाजार में रविवार शाम को मारपीट की थी। जब वह इस बात की शिकायत करने थाने पहुंचा तो टीआई ने कार्रवाई करने की बजाय उसको ही दोषी बताया और उससे माफी भी मंगवाई। सुसाइट नोट में लिखा है कि मंटू से मैंने अपने ही दिए हुए पैसे वापस मांगे थे। उस पर मंटू और उनके साथियों ने मेरे साथ मारपीट की। वहीं पुलिस ने भी मंटू से दोस्ती निभाते हुए मुझे ही प्रताड़ित किया। जिसके कारण में सुसाइड कर रहा हूं। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे।



विदिशा। पोस्टमार्टम के लिए शव को ले जाने से पहले युवक के परिजन जिला अस्पताल में हो गए थे एकत्रित।

### इधर...बोरी में बंद अज्ञात लाश मिली, हत्या की आशंका



**शमशाबाद।** पुलिस को काछीखेड़ा डंगरबाड़ा मार्ग पर जंगल में सड़क के किनारे एक सफेद बोरी में बंद शव मिला है। शव का सिर व पैर बोरी से बाहर निकले हुए थे। चौकीदार सुनील जाटव थाने में आकर सूचना दी की अज्ञात लाश जंगल में सड़क किनारे पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मृतक की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष बताई जा रही है। थाना प्रभारी जसवंत सिंह मीना ने एसएफएल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उंगलियों के निशान लेकर जांच पड़ताल की। मृतक की शिनाख्ती नहीं हो पाई है। मृतक की हत्या की आशंका जताई जा रही है।

## मेले में अपराध को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे 5 लोगों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मानोरा मेले में अपराध को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी हरेंद्र कुशवाह पिता मोहन कुशवाह उम्र 19 साल निवासी मोहनपुर थाना ग्यारसपुर, दीपेश अहिरवार पिता मोबत सिंह अहिरवार उम्र 19 साल निवासी मिर्जापुर थाना सिविल लाइन विदिशा, अज्जू आदिवासी पिता प्रकाश आदिवासी उम्र 20 साल निवासी मिर्जापुर थाना सिविल लाइन विदिशा, गोलू लोधी पिता कालू लोधी उम्र 19 साल निवासी राहतगढ़ सागर और अंकित कुशवाह पिता बलराम कुशवाह उम्र 18 साल निवासी राहतगढ़ जिला सागर को पुलिस ने दबोचा है।

पुलिस को सूचना मिली की मेला ग्राउंड में कुछ लोग मेले में आए लोगों से अभद्रता कर रहे हैं एवं किसी प्रकार की गंभीर घटना को अंजाम दे सकते हैं। जिन्हें एंटी थीफ स्क्वाड एवं ग्यारसपुर पुलिस द्वारा मौके पर जाकर अभिरक्षा में लिया लिया गया ताकि किसी भी प्रकार की कोई कोई घटना घटित न हो। मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने उक्त लोगों को गिरफ्तार कर एसडीएम कार्यालय ग्यारसपुर पेश किया गया।

## सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर 10 को होगी निशुल्क आंखों की जांच, ऑपरेशन के लिए बैरागढ़ भेजेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बुधवार 10 जुलाई को सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर लोगों की निशुल्क आंखों की जांच की जाएगी।

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा नीमताल चौराह एसएस पैथोलॉजी के पास सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर लोगों की निशुल्क आंखों की जांच की जाएगी। जिन लोगों की आंख में मोतियाबिंद पाया जाता है उन लोगों को सेवा सदन अस्पताल की एंबुलेंस से ऑपरेशन के लिए बैरागढ़ अस्पताल ले जाया जाएगा। आना जाना एवं ऑपरेशन निशुल्क होगा। भोजन, चाय, नाश्ता एवं दवाई की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। मरीज को आधार कार्ड, राशन कार्ड या वोटर आईडी की फोटोकॉपी एवं मोबाइल लाना अनिवार्य है। सुबह 10 से 1 बजे तक सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र नीमताल चौराह पर पहुंचने वाले लोगों की निशुल्क जांच की जाएगी।

# आदेश का पालन कराने कलेक्टर को आदेश जारी

**विदिशा।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कलेक्टर को निजी स्कूलों में फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम 2018 एवं नियम 2020 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में कहा गया है कि निजी स्कूलों द्वारा फीस तथा अन्य विषयों की जानकारी पोर्टल पर 8 जून तक अपलोड करने के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा। अनियमित्ता करने की शिकायतें संचालनालय को प्राप्त हो रही हैं। कलेक्टर को जारी आदेशों का पालन कराया जाना सुनिशिचत करने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ विद्यालयों द्वारा फर्जी व डुप्लीकेट पाठ्य पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। कलेक्टर को जारी पत्र में 30 जून तक अभियान चलाकर यह जांच करने के आदेश जारी किए गए थे कि किस स्कूल द्वारा अनियमित्ताएं की गई हैं। और अनियमित्ताएं पाए जाने पर संबंधित प्रकाशक पर कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर को दिए गए हैं।

### पूरनपुरा गली नंबर 5 में गड्ढों से चालक परेशान

**विदिशा।** तेज बारिश के कारण पूरनपुरा गली नंबर पांच की सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिसके कारण पॉश कॉलोनियों में रहने वाले रहवासियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विगत दिनों नपा के कर्मचारी गली नंबर पांच के गड्ढे भरने भी पहुंचे थे, लेकिन एक दो गड्ढों को भरने के बाद वापस रवाना हो गए। जबकि अब सड़क की स्थिति ऐसे हो गई है कि गड्ढों के कारण वाहन चलाने वाली महिलाएं गिरने लगी हैं। रहवासियों ने इस सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग नगरपालिका से की है।

## मप्र राज्य कर्मचारी संघ का प्रदेश अधिवेशन चार अगस्त को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र राज्य कर्मचारी संघ का प्रदेश अधिवेशन 4 अगस्त को भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नवीन प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन किया जाएगा। संघ के जिलाध्यक्ष परसराम दुबे ने बताया कि संघ के संविधान अनुसार हर तीन वर्ष में अधिवेशन आयोजित किया जाता है। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जाता है। वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरे हुए तीन माह हो चुके हैं। विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचन के कारण अधिवेशन नहीं हो पाया। इस बार संघ द्वारा सभी गुटों को एक करने का प्रयास किया जा रहा है। बीते दिनों भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर ने सभी धड़ों की एक बैठक कर तालमेल बैठाने का प्रयास किया है। सभी ने बिना शर्त एक होने का संकल्प लिया है।

## धान रोपते समय महिला को कीड़े ने काटा पौधा लगाते समय युवती को सांप ने डंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सौराई गांव में दो अलग अलग खेतों में काम कर रहीं एक महिला और युवती को सांप ने डंस लिया। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सौराई गांव की रहने वाली युवती शिवानी खेत में पौधा लगा रही थी। इसी दौरान एक सांप ने शिवानी को डंस लिया। जिससे वह बेहोश हो गई। परिजन उसे ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल लेकर आए। जहां उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इस घटना के कुछ देर बाद सौराई गांव में ही एक महिला एक-दूसरे खेत में धान रोप रही थी। तभी उसे हाथ में जहरीले कीड़े ने काट लिया। ग्रामीण महिला को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज चल रहा है।



## मनमानीः ठेकेदार ने बिना परमिशन प्रधानमंत्री सड़क खोदी, गिरकर घायल हो रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

ग्राम पंचायत ग्यारसपुर के नजदीक सोनकर पेट्रोल पंप के पास सौसेरा रोड पर बीना ग्राम समूह नल जल प्रदाय योजना के तहत गांव में पाइप लाइन बिछाने का चल रहा है। यह योजना 212 गांव में हर घर में जल पहुंचने का कार्य करेगी।

योजना 272.85 करोड़ की लागत से कार्य प्रगति पर है। परंतु कार्य करने वाले कर्मचारियों के द्वारा लापरवाही बरती गई है। कर्मचारियों के द्वारा प्रधानमंत्री सड़क को खोदकर पाइपलाइन बिछा दी और ऊपर से मुरम डालकर पाइपलाइन को ढंक दिया। परंतु बारिश का पानी गिरते ही में रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। जिसके चलते मोटरसाइकिल सवार इन गड्ढों में गिरकर मौत के मुंह से जूझ रहे हैं। यह सड़क धर्मपुर अनवई, सौसेरा चक्क होते हुए बासौदा की ओर गई है। जहां पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में राहगीर अपने वाहनों को लेकर निकलते हैं। आए दिन दो पहिया चालक इन गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं।



ठेकेदार के द्वारा प्रधानमंत्री सड़क की मरम्मत के नाम पर मरम्मत करने में लापरवाही बरती गई है। जिसका खामियाजा अब दो पहिया चालक उठा रहे हैं।

इस संबंध में जब प्रधानमंत्री सड़क योजना के इंजीनियर से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि जल मिशन के ठेकेदार के द्वारा सड़क खोदने को लेकर कोई परमिशन विभाग से नहीं ली गई।

## सीजन की पहली मूसलाधार बारिश से पूरा शहर हुआ तरबतर

# तेज बारिश हुई, नाले उफने, कई सड़कें हुईं जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को शहर में झमाझम बारिश हुई। जिसने शहर को तरबतर कर दिया। कई इलाकों में जल भराव हो जाने से लोगों के सामने परेशानी खड़ी हो गई। पिछले कुछ दिनों से बारिश का दौर थम गया था, बारिश नहीं होने से उमस भरी गर्मी पड़ने से लोग बेहाल रहे।

अब एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया है। सोमवार 12 बजे के आसपास हुई बारिश ने शहर की सड़कों को तरबतर कर दिया। वहीं दोपहर के बाद आधे घंटे मूसलाधार हुई। नाली और नालों की सफाई नहीं होने से सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। गलियों में पानी भर गया। सड़कों पर नाली की गंदगी बहने लगी। कागदीपुरा, नदीपुरा, बांसकुली, डंडापुरा, बंटीनगर क्षेत्र में सड़कों पर जल भराव हो गया। नालों की सफाई नहीं होने से कचरा सहित पानी सड़कों पर आ गया।



विदिशा। मूसलाधार बारिश के कारण नई कलेक्ट्रेट की सड़क पर जलभराव होने के कारण वाहन चालक हुए परेशान।

लड्डा एजेंसी गली निवासी रहवासियों ने बताया कि वर्षों से गल्ला मंडी इलाके में जल भराव हो रहा है। सफाई नहीं होने से नाला गंदगी से भरा पड़ा है। अब घरों में पानी भरने लगा है। यहां नगरपालिका ने पानी निकलने की व्यवस्था तो नहीं की उल्टा सड़क को ऊंचा करके बना दिया। जिसके कारण इस आधे घंटे की बारिश में ही घरों में एक एक फीट पानी भरा जाता है। वहीं डंडापुर में भी सड़क की ऊंचाई अधिक होने के कारण जल भराव की स्थिति बन रही है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2741
उच्चतम भाव-3570
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2468
उच्चतम भाव-2886
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2480
उच्चतम भाव- 2505
चना
न्यूनतम भाव- 5350
उच्चतम भाव- 6770
मसूर
न्यूनतम भाव-3305
उच्चतम भाव-6590
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2690
उच्चतम भाव-4480
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5600
सरसों
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5901
उड़द
न्यूनतम भाव-5701
उच्चतम भाव-7710
मूंग
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव-7803
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-2850
अलसी
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-5600
बटरी
न्यूनतम भाव-3880
उच्चतम भाव-6070
धना
न्यूनतम भाव-6171
उच्चतम भाव-6171
तुअर
न्यूनतम भाव-7800
उच्चतम भाव-7800

**कृषि मंडी में हुई आवक**

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 14228 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# पुरानी मंडी के सदुपयोग के लिए विधायक और नपाध्यक्ष ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर को अस्थाई रूप से नगर पालिका को दिए जाने की बात का उल्लेख किया है।

इसी संदर्भ में एक पत्र नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने एसडीएम विजय राय के माध्यम से प्रशासन को सौंपा है। जन प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए पत्र में बताया गया है कि नगर के त्योंदा रोड स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी के दो परिसर है, जिसमें एक परिसर में जहां पर कृषकों की उपज की नीलामी होती थी। उसमें वर्तमान में 150 बिस्तर के शासकीय चिकित्सालय का निर्माण कार्य गतिशील है एवं दूसरे परिसर में जहां पर मंडी व्यापारियों की दुकानें थीं एवं टीनशेड थे। वहां पर वर्तमान में कई असामाजिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। रात्रि के समय नशा आदि करने वाले व्यक्तियों का वहां पर जमावड़ा लगा रहता है एवं मंडी परिसर की दुकानों में चोरी आदि हो रही है। उक्त मंडी का परिसर निकाय को अस्थाई रूप से हस्तांतरित हो जाता है तो निकाय द्वारा उसमें श्रीरामलीला मेला प्रदर्शन, शासकीय कार्यक्रम, सब्जी मंडी, एवं रोड किनारे जो हाथ ठेला चालक अतिक्रमण करते है उन्हे शिफ्ट करवाने का कार्य किया जा सकेगा एवं उक्त परिसर की सुरक्षा एवं साफ सफाई भी हो सकेगी।




पत्र में अनुरोध किया गया है कि पुरानी कृषि मंडी परिसर की सुरक्षा एवं सफाई के मद्देनजर रखते हुये निकाय को अस्थाई रूप से नपा को हस्तांतरित कराने का कष्ट करें। गत दिवस राज्यपाल के आगमन पर भी नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर नगर की सीमा वृद्धि संबंधी प्रस्ताव का उल्लेख किया था। ज्ञापन में कहा गया है कि नगरपालिका क्षेत्र से सटे कई क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। नपा क्षेत्र की सीमा वृद्धि से जनहित में इन समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। सीमा वृद्धि सम्बन्धी प्रस्ताव जिला कलेक्टर द्वारा 16 अप्रैल 2019 को प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल को प्रेषित किया गया है, जो आज दिनांक तक लंबित है। ज्ञापन में उपरोक्त अनुसार आवश्यक निर्देश जारी करने का निवेदन किया है।


### किसान ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग में शिकायत दर्ज कराई

# उपार्जन केन्द्र पर मूंग का सैंपल पास करने किसान से लिए रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में सोमवार से समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी शुरू हो गई है। पहले दिन की खरीदी में ही गत वर्ष की तरह किसानों की शिकायत आने लगी हैं और सोमवार को तो एक किसान ने सर्वेयर पर सैंपल पास कराने के एवज में रुपए लेने का आरोप लगाते हुए उसकी प्रशासन को शिकायत कर दी। साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करा दी। इस शिकायत के बाद कृषि अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच एवं कार्रवाई की, लेकिन तब तक सर्वेयर मौके से जा चुका था।

उल्लेखनीय है कि नगर में गत वर्षों की तुलना में अब गर्मियों में मूंग की फसल अधिक पैमाने पर उगाई जाने लगी है। यही कारण है कि अब सरकार द्वारा भी नगर में खरीदी केन्द्र बनाकर समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी करने लगी है। पिछले कुछ वर्षों से इलाके में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में किसान केन्द्र संचालकों, सर्वेयरों द्वारा परेशान करने और उपज न लेने की शिकायत करते आ रहे हैं। हांलाकि किसानों की ऐसी मौखिक शिकायतों के बाद प्रशासन की सख्ती दिखाते ही मूंग खरीदी सुविधाजनक और नियमानुसार होती रही है। इस बार भी सोमवार से इलाके में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी शुरू की गई है। इसके लिए बरेठ रोड स्थित बंजारी माता वेयर हाउस पर खरीदी केन्द्र बनाया गया है। जिसमें पहले ही दिन किसान से रूपए मांगने की शिकायत सामने आ गई। इस केन्द्र पर मूंग लेकर पहुंचे किसान घनश्याम गुप्ता और उनके सहयोगी प्रमोद शर्मा ने बताया कि जब वे केन्द्र पर मूंग लेकर पहुंचे तो उसमें थोडी मिट्टी देखकर सर्वेयर ने उनसे रूपयों की मांग की। जिस पर उन्होंने सर्वेयर को फोन-पे के माध्यम से रूपए दे दिए और अपनी उपज की तौल करा ली। साथ ही सर्वेयर द्वारा सैंपल के नाम पर उनसे करीब पांच किलो मूंग भी ली गई थी। अपनी उपज की तौल कराने के बाद पीड़ित किसान ने इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। साथ ही एसडीएम विजय राय को भी इस गड़बड़ी को लेकर अवगत कराया गया। जिसके बाद एसडीएम के निर्देश पर कृषि विभाग के अधिकारियों का दल बंजारी माता मंदिर वेयर हाउस पर जांच के लिए पहुंचा। इस बीच किसान द्वारा शिकायत किए जाने की जानकारी मिलते ही सर्वेयर मौके से गायब हो गया। जांच दल में शामिल कृषि अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वर ने बताया कि जांच के लिए पहुंचे अधिकारियों के दल ने पीड़ित किसान के बयान दर्ज किए। साथ ही फोन पे से राशि अंतरण की जानकारी भी ली। वहीं अधिकारियों ने कुछ अन्य किसानों से भी बात की और उनके बयान दर्ज किए। साथ ही किसानों से सैंपल के नाम पर ज्यादा मात्रा में मूंग लेने की शिकायत भी दर्ज की गई है। दूसरी ओर सर्वेयर न मिलने से उसका पक्ष या उसके बयान दर्ज नहीं किए जा सके हैं।






इस संबंध में कृषि विभाग के एसएडीओ अशोक सिंह कौरव का कहना है कि सर्वेयर द्वारा रूपए मांगने की शिकायत पर जांच कराई गई है और किसान के बयान दर्ज कराए गए हैं। सर्वेयर उपलब्ध न होने से उसके बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। अब इस मामले में जांच के बाद प्रतिवेदन आगामी कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि करीब तीन वर्ष पूर्व मूंग खरीदी में जमकर गडबडी हुई थी और जिन किसानों ने मूंग बोई भी नहीं थी उनके भी पंजीयन हो गए थे और उनके नाम से सैकडों क्विंटल मूंग की खरीदी हो गई थी।

# घटिया निर्माण की जांच की मांग को लेकर लिखा पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


ग्राम पंचायत हरदूखेड़ी में निर्माण कार्यों की जांच को लेकर जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 11 अमृतांशु यादव ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया कि ग्राम पंचायत हरदूखेड़ी में जो निर्माण कार्य कराए गए हैं वह समस्त कार्य गुणवत्ताहीन हैं। ग्राम पंचायत हरदूखेड़ी में घटिया निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, तकनीकि मापदण्डों के आधार पर कार्य नहीं किया जा रहा है। पत्र में एक अप्रैल 2022 से आज दिनांक तक मनरेगा एवं अन्य समस्त योजनाओं के अंतर्गत कुल कितने कार्य स्वीकृत हुए हैं उनकी जांच कराने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही सूचना के अधिकार के तहत पंचायत के आय व्यय, कार्यों की मूल्यांकन रिपोर्ट, विभिन्न निधियों से कराए कार्यों की मूल्यांकन रिपोर्ट, मस्टर, स्वीकृति आदि की जानकारी भी मांगी गई है।

### करंट लगने से ग्रामीण की मौत

**गंजबासौदा।** ग्राम करारी में एक व्यक्ति को करंट लग गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। जानकारी में बताया गया कि ग्राम करारी निवासी मिलन सिंह आदिवासी पिता डोला सिंह आदिवासी खेत से लकड़ी लेकर आ रहा था। वहीं पर 11 केवी के तार नीचे होने के कारण लकड़ी टकरा गई जिससे मिलन आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई। यहां उल्लेखनीय है कि इन झूलते तारों को लेकर ग्राम के लोगों ने आवेदन विद्युत मंडल के कनिष्ठ यंत्री को दिया था मगर फिर भी लाइन नहीं हटाई गई। जिससे आज इस लाइन से यह घटना घटित हुई है अगर लाइन हटा दी गई होती तो शायद यह घटना नहीं होती। मिलन के परिवार में उसके छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं।

## खबर संक्षेप

### सीमेंट से भरा ट्राला मकान में घुसा




**गंजबासौदा।** नगर के लाल पठार क्षेत्र में बनाए गए ओवर ब्रिज पर सोमवार की रात्रि के लगभग 3 बजे एक ट्राला क्रमांक आरजे 11 जीबी 1168 जो सीमेंट से भरा हुआ था। वह अचानक चल पड़ा और अनियंत्रित होकर मकान में घुस गया। यह तो अच्छा हुआ कि कोई ट्राला की चपेट में नहीं आया। लेकिन मकान मालिक को काफी नुकसान हो गया। यहां उल्लेखनीय है कि ओवरब्रिज के पास यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी अनेक वाहन सीधे मकान में जाकर घुस चुके हैं। जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। ओवरब्रिज निर्माण के दौरान यह इंजीनियर और डिपार्टमेंट की गलती के कारण ओवर ब्रिज की ड्राइंग सही तरीके से नहीं बनाई गई है जिससे आए दिन इस ओवरब्रिज पर हादसे होते रहते हैं। यहां बने घरों में रह रहे लोग हमेशा दहशत में रहते हैं।

# वेदांत आश्रम में उपनयन संस्कार संपन्न



**गंजबासौदा।** श्रीमद् जगद्गुरु अनंतानन्द द्वाराचार्य स्वामी डॉक्टर रामकमल दास वेदांती महाराज द्वारा स्थापित संत श्री जगन्नाथ दास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीवाजीपुर वेदांत आश्रम में सोमवार को प्रतिवर्ष अनुसार ब्राह्मण बालकों के उपनयन संस्कार हुए एवं गायत्री मंत्र की दीक्षा प्रदान की गई। इस अवसर पर आश्रम के प्राचार्य बाबू सिंह रघुवंशी व शिक्षकगण, भक्तगण मौजूद रहे। इस मौके पर आश्रम के महंत हरिहरदास ने बच्चों को संस्कार का महत्व बताते हुए कहा कि इस संस्कार के बाद वेद पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है एवं जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा जाग्रत होती है। संस्कारों के बिना हम अपनी संस्कृति की रक्षा नहीं कर सकते इसलिए गुरुकुलों में सनातन धर्म को बचाने के लिए बच्चों को संस्कारित किया जाता है। यह संस्कार व्यक्ति के मन से दूषित वृतियों को सुधारने कार्य करता है संस्कारों के बिना मनुष्य पशु तुल्य माना जाता है। इसलिए गुरुकुल में सनातन धर्म की रक्षा के लिए बच्चों को संस्कार दिया जाता है। जीवन में संपत्ति से अधिक संस्कार जरूरी है।

# दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश, मौसम में घुली ठंडक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को नगर में सुबह से तेज धूप निकली जिससे लोग उमस और गर्मी से परेशान दिखाई दिए। वहीं दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव आया और बिजली की तेज गड़गड़ाहट के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया जो लगभग डेढ़ घंटे तक चलता रहा। जिससे नगर के मध्य से होकर बहने वाली पाराशरी नदी एवं नालों का जल स्तर बढ़ गया। वहीं सड़कें पानी से भर गईं, कुछ रहवासी बस्तियों में पानी एकत्रित हो गया। शासकीय परिसर जनपद पंचायत परिसर, एसजीएस कॉलेज ग्राउण्ड में पानी एकत्रित हो गया। देर तक तेज बारिश होने से मौसम में ठण्डक घुल गई। इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में भी मानसून की अच्छी बारिश जारी रहने के संकेत दिए हैं।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

# संशोधित कानूनों को पुनर्विचार कर लागू करें




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने संशोधित नए कानून और विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा दंड संहिता में जो संशोधन किए गए हैं वह मानवीय हितों में विचार करने योग्य हैं। जिन्हें संशोधन कर पुनर्विचार कर लागू करने की मांग की है, ताकि आमजन अनावश्यक प्रताड़ना का शिकार न बने। वहीं राज्य सरकार के निर्देश पर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र समग्र आईडी एवं आधार कार्ड में संशोधन कराने के लिए आमजन परेशान हो रहे हैं। क्योंकि वर्तमान में बच्चों के एडमिशन विद्यालयों में हो रहे हैं। जिससें उन्हें काफी परेशानियों का सामना पड़ रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि एवं राज्य सरकार की मुख्यमंत्री कृषक सम्मान निधि में नवीन पंजीयन नहीं हो पा रहे हैं और न ही उनमें कोई संशोधन हो पा रहा है। जिसमें शीघ्र पोर्टल को दुरुस्त करने की मांग की है। वहीं लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को घोषणा पत्र अनुसार राशि बढ़ाकर दी जाए एवं नवीन हितग्राहियों को लाड़ली योजना में पंजीकृत किया जाए। वहीं शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आय, जाति अन्य प्रकार के दस्तावेजों को बनवाने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए, राज्य शासन द्वारा बनाए गए नियम स्वयं प्रमाणीकरण को मान्यता दी जाए। जो अभी उक्त प्रबंधन द्वारा मान्य नहीं किया जा रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन, रवि तिवारी, विकास शर्मा, सुनील बाबु पिंगले, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, बीडी शर्मा, बहादुर सिंह दांगी, पृथ्वी सिंह रघुवंशी, मंजू कुशवाह, अमित मेहता, प्रशांत यादव, विष्णु शर्मा, रवि यादव, भीकम सिंह, गौरव तिवारी, लालाराम चंदेल, सुरेन्द्र दांगी, सोनू यादव, चित्रांश सोनी, पलाश जैन, अंकित मीना, ऋषि जैन, अनिल अहिरवार, हर्ष पौराणिक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कथा का कभी समापन नहीं होता, विश्राम होता है: पं.विकास एलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ईदगाह आशुतोष नगर वार्ड नंबर 21 में हो रही श्रीमद् भागवत कथा राम हनुमत महायज्ञ में आचार्य पंडित विकास एलिया ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कहा कि शिशुपाल जब विवाह के लिए द्वार पर आया तो कृष्ण ने रुकमणी का हरण कर लिया। इसके बाद श्रीकृष्ण और शिशुपाल के बीच भयंकर युद्ध हुआ और इसमें द्वारकाधीश (कृष्ण) विजयी हुए। कृष्ण देवी रुकमणी को द्वारका ले आए और यहीं उनका विवाह हुआ। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, सरीना राजेश राय माथुर, संजू यादव ने फूलों की बरसात के साथ द्वारकाधीश रुकमणी के विवाह में सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। पंडित ऐलिया ने बताया कि 9 जुलाई को भंडारे का आयोजन रखा गया है। सुदामा चरित्र हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा तथा कथा विश्राम है। कथा का विस्तार समझाते हुए एलिया ने कहा कि कथा हमेशा विश्राम होती है, कभी कथा की समाप्ति नहीं होती। कभी भी हमको यह शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। विश्राम पश्चात कथा पुनः शुभारंभ होती है। भगवान का जब आगमन होता है तब मंगलाचरण स्वस्ति वाचन पाठ होता है। कथा को विस्तार से समझाते हुए महाराज ने अपनी वाणी को विश्राम दिया। कथा में उपस्थित सोनम बलराम सिंह राजपूत, राजन, बृजेश, भोला ,इंदर सिंह सहित समस्त भक्तगण उपस्थित रहे।



### शहीदों की याद में पौधारोपण करें: काजी



**गंजबासौदा।** आज से इस्लामिक नया साल और गम शहादत का पवित्रतम मास मुहर्रम शुरू हो रहा है। इस महीने मे हम अधिक से अधिक तादाद मे पौधारोपण करें। शहीदान ऐ कर्बला इमाम हसन हुसैन की याद मे दीन दुखियों की खिदमत कर अल्लाह के नबी का पैगाम आम करें। यह बात आज अल्प प्रवास पर नगर मे पधारे प्रसिद्ध इस्लामिक धर्म गुरू, हिन्दी अंग्रेजी अरबी फारसी उर्दू सहित विभिन्न भाषाओं के विद्वान आलिम ऐ दीन अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर काजी साहब सैयद अयूब अली नदवी ने कही। उन्होने मुस्लिम समुदाय से फिरका परस्ती, बिलादरी, दहेज का लेन देन, डीजे की ऊंची आवाजो पर नाच गाना और रात की शादी बंद कर हजरत मोहम्मद साहब के बताऐ मार्ग पर सीधे और सरल राह पर सादगी से चलने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सैयद शफाकत हुसैन कादरी द्वारा शाल, पुष्प मालाओं से काजी साहब का स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर कादरी ने कहा इस्लाम में सभी धर्मों की इज्जत करना एवं अपने वतन से मोहब्बत करने की बात कही गई है।

## नगर के कहारा बाजार की सड़क बारिश से नदी में हुई तब्दील

# 15 मिनट की बारिश ने खोली नगर पालिका के सफाई अभियान की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

एक ओर जहां बारिश के कारण मौसम सुहाना हो गया है, वहीं सोमवार की दोपहर 15 मिनट तक हुई झमाझम बारिश के बाद पूरा शहर की सड़कें जलमग्न हो गईं। अधिकांश वार्डो और बाजारों सड़कों पर पानी भर गया। ऐसे में नगर पलिका के पानी निकासी के सभी दावे की पोल खुल गई और लोगों को पूरे दिन परेशानियों का सामना करना पड़ा। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण बाजार में कई दुकानों के अंदर बरसाती पानी प्रवेश कर गया, जिससे दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ा।



### पानी से लबालब हुई सडकें

नगर के कहारा बाजार में नाले-नालियों की नियमित साफ सफाई नहीं होने के कारण सोमवार को 15 मिनट हुई बारिश ने नगर पालिका की साफ सफाई के दावे की पोल खोल दी। साफ-सफाई के दावे करने के बाद भी 15 मिनट तक हुई जोरदार बारिश से अधिकांश नाले बजबजाने लगे व सड़कों पर कीचड़युक्त गंदगी पसर गई। इस कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। लोग नगर परिषद को कोसने लगे। नियमित सफाई नहीं होने के कारण नालियां कचरों से भरी रही। इस कारण बारिश का पानी निकलने की बजाए लोगो के घरो में जा घुसा। हल्की बारिश में नाली जाम होकर गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। जिससे यहां रह रहे दर्जनों घरों में पानी घुस गया। जिसके कारण लोगो को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। वार्डवासियों का कहना है कि कई बार स्थानीय वार्ड पार्षद से लेकर नगर पलिका के जिम्मेदार अधिकारियों को समस्या के समाधान को लेकर मौखिक रूप से कई बार ध्यान अवगत कराया। वही नगर के कष्टम पथ, कहारा बाजार, बड़ा पुरा, कटरा मोहल्ला, ढाल बाजार, सहित शहर के कई अन्य वार्डों के रास्ते पानी से लबालब हो गए।, जिसके कारण जहां दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, वहीं दुपहिया व तिपहिया वाहन चालकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। यहां से निकलते समय बरसात का पानी बाइकों के इंजनों के अंदर चले जाने के कारण बंद हो गए। वही कई नागरिक अपनी बाइकों धक्का लगातें नजर आए। लोगों का कहना था कि नपा द्वारा पानी निकासी और साफ-सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं लेकिन उसके बावजूद भी समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है। इतनी राशी आखिर कहां जा रही है।

### जल भराव से परेशानी बढ़ी

नगर पालिका पिछले एक माह से नगर के नालों की सफाई कराई जा रही है। वहीं नपा अधिकारी जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के वादे कर रहे थे। लेकिन सोमवार को हुई आधें घंटे की बारिश ने इन दावों की पोल खोल दी। अधिकांश इलाके की सड़कों पर लबालब पानी भरा गया। लोगों का सडकों पर निकलना भी दूभर हो गया। ऐसे में सवाल उठता है कि अभी यह हालात हैं, तो आगे जब बरसात के सीजन में बारिश तेज होगी, तो लोगों को बड़ी तकलीफ का सामना करना पड़ेगा।

**इनका कहना है**

नपा द्वारा नाले-नालियों की सफाई कराई गई थी। यदि कहीं कोई समस्या आ रही है तो दोबारा नालियों की सफाई करा दी जाएगी।

**पवन शर्मा**
सीएमओ नगर पालिका परिषद सिरोंज

# पर्यावरण संरक्षण आज की जरूरत है पौधरोपण कर करें संरक्षण: न्यायाधीश

## विधिक साक्षरता शिविर, न्यायालय भवन में न्याय सबके लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



न्यायालय भवन में न्याय सबके लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एक जुलाई से लागू हुई विधि प्रिक्रियाओं पर संगोष्ठी हुई। विधिक साक्षात्कार शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय सहिंता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं पास्को एक्ट के नये संशोधित कानून के विषय में तथा थाने में व घटना स्थल पर होने वाली कार्यवाही के विषय मे विस्तार से जानकारी दी। नवीन संशोधित कार्रवाई में विवेचाक द्वारा विवेचना के दौरान कि जाने वाली सावधानियों के विषय में बताया। इस मौके पर सिरोंज, मुलगसराय, दीपनाखेडा, पथरिया से आए थाना प्रभारियों द्वारा पूछे गए सवालों के भी न्यायधीशों द्वारा जवाब दिए गए।

इस मौके पर न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम ने कहा कि जंगल कटने से शुद्ध प्राण वायु का संकट पैदा हो गया है। पर्यावरण संरक्षण आज की जरुरत है। यह तभी संभव हैं, जब प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए पौधरोपण कर उनका संरक्षण करे। ऐसे करने से ही हम आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण दे सकते हैं। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पल्लवी शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ आवाज उठाएं और उन्हें सजा दिलाएं। वही अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी ने कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। आज मौसम में जो परिवर्तन आ रहा है वह पौधों की कमी के कारण ही आ रहा है। आज प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है कि नई नई बीमारियां फैल रही है। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए।



### न्यायालय परिसर में किया पौधरोपण

विधिक साक्षरता शिविर के समापन अवसर पर न्यायालय परिसर में पौधरोपण एंव परिसर की साफ सफाई की गई। न्यायालय परिसर में स्थित कुएं की न्यायालय परिवार द्वारा साफ-सफाई की गई। साथ ही परिसर में आम, जामुन, आवला सहित अनेक प्रजातियो के पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर शिविर में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी उमेश तिवारी, थाना प्रभारी संदीप पवार, अभिभाषक संघ के सचिव पियुष चौरसिया, मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा, एडवोकेट सचिन शर्मा, एडवोकेट जाहिद खान सहित मुगलसराय, दीपनाखेडा,पथरिया थाना प्रभारी एंव प्रधान आरक्षक उपस्थित रहे।

## बस में टिकट की जगह दे रहे हैं कागज का टुकडा, यात्रियों को हो रही परेशानी

**गौरझामर।** सागर जिले की यात्री बसों मे इन दिनो वैध टिकट के स्थान पर यात्रियो को नकली अवैध टिकट पकड़ाए जा रहे है। इन टिकट के देने का कोई मतलब नहीं है क्योकि इनमे बस कम्पनी का नाम, बस का नम्बर इत्यादि वांछित जानकारी प्रिंट ही नही होती। परिणाम स्वरुप बस के बीच रास्ते मे बिगड जाने, एक्सीडेन्ट हो जाने, टाइमिंग चेंज होने, परिचालक के अचानक गायब हो जाने अथवा बदल जाने, बस के छूट जाने आदि प्रसंग के समय यात्री को नकली टिकट बेहद हानिकारक, दुखद व परेशानी का कारण बनते हैं। अवैध टिकट क्लैम्प के लिये कोर्ट कचहरी मे मान्य नही है तथा गबाही मे खर्चा के समय टिकट नही लगने से गवाह को खर्चे से वन्चित होना पडता है। यात्रियों ने संवाददाता को बताया है कि सभी यात्री बसों मे वैध टिकट देने की अनिवार्यिता सुनिश्चित की जावे व ऐसा नही करने वाली बसो पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावे। यात्रियो ने कहा है की सभी बसों मे सिटी बसो की तरह कम्प्युटीकृत टिकट देना शुरू किये जावे जिससे नकली अवैध टिकटों के देने से यात्रियो को हो रही परेशानी दूर हो सके।

## हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पौधा अवश्य ही लगाएं : शैलेंद्र जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है। इस दिशा में मंगलगिरी क्षेत्र में सिटी फॉरेस्ट के लिए चिन्हित क्षेत्र में विधायक शैलेंद्र जैन के मुख्य आतिथ्य में नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री एवं वन मंडल अधिकारी महेंद्र सिंह की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया।



इस अवसर पर विधायक जैन के निर्देश पर लगभग 10 फीट ऊंचाई के पौधे लगाए गए,जो की बहुत जल्दी सरवाइव कर जाते है और एक वर्ष में ही पेड़ का स्वरूप ले लेते हैं। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि यह एक महत्वाकांक्षी अभियान है, इस वर्ष गर्मी का मौसम असहनीय था, इस तरह से तापमान का बढ़ना हम सभी के लिए चिंताजनक है जिसने हम सभी को

## सूर्या मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के शिविर में 489 लोगों के नेत्रों की जांच की

हरिभूमि न्यूज : सागर रामसरोज समूह के संस्थापक स्व. रामशंकर केसरवानी एवं समूह की मातृशक्ति स्व. सरोजिनी देवी केसरवानी की स्मृति में सोमवार को सूर्या मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में रामसरोज समूह के सदस्य समाजसेवी संजीव केसरवानी, समाजसेवी शैलेश केशरवानी एवं समाजसेवी अखिलेश मोनी केसरवानी द्वारा विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन की गया। जिसमें नगर निगम के आयुक्त राजकुमार खत्री, प्रभारी एसपी डॉ.संजीव उइके, एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा, समाजसेवी शैलेश केसरवानी एवं समाजसेवी अखिलेश मोनी केशरवानी ने उपस्थित होकर दीप प्रज्जवलन कर शिविर की शुरुआत की। शिविर में 489 लोगों के नेत्रों का परीक्षण किया गया जिसमें से 46 लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत के चलते उनके के ऑपरेशन के लिए तत्काल रूप से चित्रकूट रवाना किया गया जहां डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम द्वारा सभी 46 लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जावेगा। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए अच्छी दृष्टि एक महत्वपूर्ण कारक है। जितनी जल्दी हम अपनी आँखों के स्वास्थ्य की देखभाल करना शुरू करेंगे, उतनी ही हमारी पूरी ज़िंदगी अच्छी दृष्टि बनाए रखने की संभावना बेहतर होगी। दृष्टि संबंधी समस्याएँ किसी भी उम्र में हो सकती हैं। इसलिए समय-समय पर नेत्रों की जांच करना अति आवश्यक है।

# अखंड नर्मदा परिक्रमावासी शिवानंद महाराज का नगर में हुआ आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नर्मदा मैया के अनन्य भक्त और धूनी वाले दादा जी के समान नर्मदा मैया की भक्ति साधना में लीन शिवानंद महाराज के द्वारा अपनी मंडली शिष्यों के साथ मां नर्मदा की 3 परिक्रमा पूर्ण की जा चुकी है। वर्मा कालोनी में कविन्द्र रघुवंशी, रविन्द्र रघुवंशी, शैलेन्द्र रघुवंशी परिवार के द्वारा पू. शिवानंद महाराज की भव्य अगवानी पूजन की गई। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से आए नर्मदा भक्तों की उपस्थिति रही।



### अखंड नर्मदा परिक्रमा

शिवानंद महाराज द्वारा वर्षो से माँ नर्मदा की अखण्ड परिक्रमा की जा रही है। तीन परिक्रमा पूर्ण होने पर बरेली और क्षेत्र में वर्षाकाल चल रहा है।

महाराज का 5 दिवसीय विशेष कार्यक्रम रघुवंशी परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें दोनों समय मां नर्मदा की संगीतमयी आरती, दोपहर में हवन भंडारे का कार्यक्रम हो रहा है। शिवानंद महाराज के दर्शन आशीर्वाद के लिए शिष्यों की उपस्थिति प्रतिदिन हो रही है। महाराज द्वारा वर्षाकाल समाप्ती के बाद चतुर्थ नर्मदा मैया की परिक्रमा प्रारंभ की जाएगी।

## निगमायुक्त ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**सागर।** सोमवार को प्रातः नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री चकराघाट पहुंचे जहां उन्होंने चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थानीय नागरिकों सहित स्वच्छ सर्वेक्षण के ब्रांड एंबेसडर प्रकाश चौबे के साथ निरीक्षण किया और खाली पड़ी भूमि पर धार्मिक महत्व के पौधों रोपण करने के संबंध में चर्चा कर पूरे क्षेत्र को क्लीन और ग्रीन बनाने के साथ-साथ धार्मिक महत्व के रूप में विकसित करने के कार्यों के बारे में अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि शहर के प्राचीन

# मासूम बेटी के हत्यारे पिता को पुलिस ने मुंबई से किया गिरफ्तार, हत्या कर दफना दिया था शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सागर जिले की बहेरिया थाना पुलिस ने साढ़े तीन माह की मासूम बेटी की हत्या करने वाले पिता को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। दरिंदे पिता ने मासूम का गला दबाकर हत्या कर दी थी और उसे खेत में दफना दिया था।



पुलिस के मुताबिक 25 मई 24 को फरियादी फरियादिया निवासी चनाटोरिया केरवना थाना बहेरिया के द्वारा अपनी साढे तीन माह बच्ची के मृत होने की सूचना पर मर्ग कायम कर जाँच की गई जाँच में आरोपी घनश्याम राठौर निवासी चनाटोरया के विरूद्ध अपराध पंजबीद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इस मामले में ग्राम चनाटोरिया में सोते समय साढ़े तीन माह की बच्ची की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। दूसरे दिन बच्ची के शव को दफना दिया गया। इसी बीच मृतका की मां ने थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत मिलते ही बच्ची के शव को निकाल कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। बच्ची के शव को निकालकर पोस्टमार्टम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में मुंह दबाने से दम घुटने से बच्ची की मौत होना कारण सामने आया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। जांच में सामने आया कि बच्ची की हत्या उसके ही पिता ने की थी।

पुलिस के अनुसार फरियादिया आरती पति घनश्याम राठौर उम्र 24 साल निवासी चनाटोरिया ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि 24 मई की रात करीब 11 बजे पति, मैं और साढ़े तीन माह की बेटी सो रहे थे। रात करीब 2.30 बजे मैं और मेरा पति घनश्याम सोकर उठे तो देखा कि बेटी लक्ष्मी बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी है। मामले की जानकारी आस-पड़ोस के लोगों को दी। रिश्तेदारों को बताया। जिसके बाद 25 मई की सुबह बेटी के शव को तालाब के पास दफना दिया था। बेटी की मौत पर मुझे संदेह है। शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

आरोपी दिनाँक वक्त घटना से फरार चल था। जिसकी तलाश हेतु कई जगह दबिश दी गई किन्तु सफलता नही मिली थी। आरोपी घनश्याम पिता हरप्रसाद राठौर उम्र 32 साल नि कुमेरिया परसोरिया हाल चनाटोरिया को बड़ी मेहनत से मानखुर्द मुंबई से मुंबई पुलिस की सहायता से गिरफ्तार किया गया।

### निराला समिति के तत्वावधान में हुई काव्य गोष्ठी

# कवियों ने श्रृंगार, हास्य व्यंग और वीर रस की रचनाओं का पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर ही नहीं सूपर्ण नर्मदा क्षेत्र में हिन्दी साहित्य सेवा और कवि सम्मेलनों के आयोजन में अग्रणी और ख्याति प्राप्त संस्था श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति के द्वारा होटल शिवा पैलेस में संरक्षक सुरेश बिदुआ की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया।



स्थानीय कवि जो प्रदेश और देश के कवि सम्मेलनो में नाम रोशन कर रहे के द्वारा वीर रस, श्रृंगार, हास्य व्यंग की रस वर्षा कर उपस्थिति श्रोताओं को प्रभावित किया जाता रहा। प्रतिवर्ष नगर में अभा कवि सम्मेलन, अखंड कवि सम्मेलन, कवियित्री कवि सम्मेलन, बाल कवि सम्मेलन के साथ पर्यावरण, पौधरोपण एवं नर्मदा मैया की साफ सफाई के बीच पुराने उपयोगी वस्त्रों का वितरण किया जा रहा है।

काव्य गोष्ठी की सरस्वती वंदना पूजन के साथ शुरूआत हुई, कवि अशोक श्रीवास्तव ने मधुर कंठ से वंदना प्रस्तुत की। नवोदित कवि मुरारी शिल्पी राष्ट्रभक्ति वीर रस की कविता तो कवि निखिल आर्य ने वृक्षो के महत्व, माता पिता की महत्ता पर कविता पाठ किया। समिति के कोषाध्यक्ष अवधनारायण सक्सेना ने हास्य व्यंग की रचनाए प्रस्तुत कर सभी का मनोरंजन किया।

समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, सईद पठान, रूप नारायण सोनी, हास्य व्यंग के कवि देवी जैन ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सभी को हसने और कुछ सोचने के लिए मजदूर किया जाता रहा। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने कहा कि नगर में कवि सम्मेलन की दशकों पुरानी परंपरा है। अब नगर के कवि प्रदेश और देश के काव्य मंचो पर रचना पाठ कर बरेली नगर का नाम रोशन और गौरान्वित कर रहे है। काव्य गोष्ठी का संकल्प संचालन अपनी राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत रचनाओं के माध्यम से कवि प्रेमनारायण साहू द्वारा किया गया।

# नपं ने अभियान चलाकर नालियों का पक्का अतिक्रमण तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के बीचों बीच से निकली पुरानी एनएच-12 की मुख्य सड़क के दोनों ओर गहरी पक्की नालियां बनी हुई हैं। नालियों पर दुकानदारों द्वारा पक्का अतिक्रमण और कब्जा किए जाने से जब भी जोरदार बारिश होती है, मुख्य सड़क पर एक फीट तक पानी भरने की परेशानियों वाली स्थिति बनती है। विभिन्न स्थानों पर पानी की निकासी में बन रहा नालियों का अतिक्रमण तोड़कर नपं. द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है।



नगर की विभिन्न मुख्य सड़कों पर कही एक ओर तो कहीं दोनों ओर नालियां बनी हैं। जहाँ सड़क के एक ओर नालियां बनी हैं और उस पर भी दुकानदार, मकान मालिकों द्वारा अतिक्रमण कर लिए जाने से तेज बारिश में सड़कों एवं मकानों में पानी भरने की स्थिति बनती है। वर्षो पूर्व बनी नालिया गहरी होने के बाद भी उनकी साफ सफाई में अवरोध रहने से रेत, मिट्टी, रोरा, पत्थर इत्यादि भरे रहने से उनकी गहराई कम होने से बारिश में ठीक प्रकार से पानी की निकासी न होने के साथ भरी गंदगी सड़को पर आ जाने की स्थिति बनती है। मुख्य सड़क के पूर्व दिशा में थाने से लेकर कब्रिस्तान चौराहे तक वर्षो पूर्व गहरी चौड़ी नाली का निर्माण हुआ। दुकानदारों, मकान मालिकों द्वारा नाली पर अतिक्रमण पक्की सीढिया अवैध निर्माण कर नाली को ढंक दिया। जिससे नाली की संपूर्ण सफाई नहीं हो पाती है। इसी नाली के माध्यम से नाहर कालौनी, किनगी रोड, नाहर नगर क्षेत्र के पानी की निकासी होती है। नाली में भारी मात्रा में रेत, पत्थर, कचरा भरा रहने से जब भी तेज बारिश होती है। पानी मुख्य सड़क पर 6 से 12 इंच तक भरा रहने की जोखिम भरी स्थिति में वाहनों, लोगों का आवागमन होता है। पक्के अतिक्रमण का तोड़कर नपं. द्वारा नाली का सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी नालियो पर पक्का अतिक्रमण हटाकर नपं. द्वारा नालियों की सफाई कराए जाने से सड़कों पर जल भराव की स्थिति से राहत मिलने की उम्मीद है।

### निकाला 6 ट्राली मलवा

नपं. के सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने कहा कि पिछले दिनों अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, तहसीलदार महोदय द्वारा निरीक्षण किया था। उनके निर्देश पर नालियों के उपर पक्के अतिक्रमण तोड़कर 6 ट्राली भरा मलवा निकाला गया। नाली की सफाई में जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया।

# आधी रात में दो घंटे हुई जोरदार बारिश सड़कों और नालियों की हो गई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार, सोमवार की रात में नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में बादलों की भारी गर्जना, बिजली की चमक दमक के साथ 2 घंटे तक जोरदार बारिश हुई। रात में हुई बारिश और सुबह सड़को की कीचड़, मिट्टी और नालियों की गंदगी, कचरा साफ दिखलाई देने से लोगों के बीच रात में हुई जोरदार बारिश चर्चा का विषय बनी रही।



भले ही प्रदेश, देश के विभिन्न हिस्सो में बारिश से बाढ़ जल भराव की स्थिति बनी हो परंतु नर्मदा क्षेत्र की बरेली, उदयपुरा, देवरी तहसीलों में जून के बाद जुलाई के पहले सप्ताह में अल्प कमजोर बारिश की स्थिति से गर्मी उमस का माहौल परेशानियों, धान की रोपाई का कार्य निरंतर पिछड़ने का कारण बना रहा। क्षेत्र के निवासियों किसानों द्वारा जोरदार बारिश की ईश्वर से प्रार्थना की जा रही थी।

### खेतों में भरा पानी

रविवार, सोमवार की रात 12 बजे के बाद नगर सहित क्षेत्र बादलों की भारी गर्जना, बिजली की चमक दमक से दहल उठा। आधी रात में 2 घंटे से भी अधिक समय तक जमकर बारिश हुई। जोरदार बारिश से किसानों के खेतों, धान की रोपाई के लिए बनी क्यारियों में भरपूर पानी भर जाने की राहत भरी स्थिति से अब धान की रोपाई कार्य में तेजी आने की स्थिति बन रही है। यदि इसी प्रकार एक-दो बार जोरदार बारिश होने से पिछले दिनों की अल्प बारिश की स्थिति में सुधार आ सकता है। सोमवार को आसमान में घने बादलों का डेरा बना रहा सिर्फ हल्की फोहार की स्थिति रही।

### 15 जून से प्रारंभ होना थी बसें, लेकिन एक माह बाद भी नहीं आई बस, विद्यार्थी अपनी ही व्यवस्था से पहुंच रहे स्कूल

# शिक्षा सत्र को एक माह बीता, पर सीएम राइज स्कूल में अब तक नहीं आई बसें, छात्र-छात्राएं पैदल जाने लगे पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सीएम राइज स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के प्रथम दिन से ही बस सेवा उपलब्ध कराने का वादा किया था। इस वादे से सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियो में खुशी देखी गई, लेकिन शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए एक माह बीतने को है, लेकिन अभी तक सीएम राइज स्कूल सिलवानी के विद्यार्थियों को बस सेवा की सौगात नही मिल सकी है। सीएम राइज स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को बस की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिसके चलते बच्चे परेशान हैं।

कई बच्चे निजी वाहनों से प्रतिदिन स्कूल आते और जाते हैं, जिससे बच्चों व उनके पालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है सबसे अधिक परेशानी बारिश में बच्चों को हो रही है। वहीं प्रतिदिन बच्चों के पालक प्रबंधन से पूछ रहे हैं कि आखिरकार बच्चों को बस की सुविधा कब से मिलेगी। जिसका जवाब स्कूल प्रबंधन के पास भी नहीं है। आदिवासी विकासखंड मुख्यालय सिलवानी को प्रदेश सरकार के द्वारा सीएम राइज स्कूल की सौगात दी गई है। यहां पर विभिन्न सुविधाओ को उपलब्ध कराने का दावा भी किया जा रहा है। हाल ही में स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा सीएम राइज स्कूल को विद्यार्थियों की संख्या में मान से 10 बसे उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। वर्तमान में करीब 1 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत होना बताया जा रहा है।

## 5 सौ स्कूली बच्चों को लाने सीएम राइज स्कूल को मिलेगी 10 बसे




### स्कूल प्रबंधन ने किए 7 रुट तैयार

*स्कूल प्रबंधन के द्वारा ग्रामीण अंचलो से विद्यार्थियो को लाने व ले जाने के लिए 7 रुटमेप तैयार कर लिए गए है, लेकिन अब बसो का इंतजार हो रहा है कि कब बसे आएगी और कब तैयार रुट मेप पर चलेगी। जानकारी के मुताबिक स्कूल तक बच्चों को लाने के लिए 7 रूट मेप बनाए गए हैं। रूट मेप के अनुसार एक बस सुल्तानपुर से विद्यार्थियो को लेकर स्कूल पहुचेंगी, दूसरी बस बम्होरी से प्रारंभ होगी जो आस पास के ग्रामो से बच्चो को लेकर स्कूल पहुचेंगी। इसी के साथ ही तीसरी बस भोड़िया से चलाई जाएगी, जो कि स्कूल तक बच्चो को छोड़ेगी, जबकि चौथी बस चंदन पिपरिया से संचालित होगी जो कि स्टेट हाईवे 44 के चिन्हित ग्रामों के बच्चो को लेकर आएगी, इसी के साथ ही पंचम बस जमुनिया तथा छटवी बस उशापुर रम्पुरा से चलेगी। तय किए सातवे रुट पर भी बस संचालित होगी। हांलाकि यह बस प्रारंभ कब से होगी यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है क्योंकि अभी जिस कम्पनी को ठेका दिया गया है उस कम्पनी के द्वारा बसें स्कूल को उपलब्ध नहीं कराई हैं। जब तक बसें स्कूल को उपलब्ध नहीं होंगी तब तक बसों को इन रूटों पर चल पाना संभव नहीं है फिलहाल विद्याथी निजी साधनों का सहारा ले रहे हैं।*

### अभी तक नहीं मिली बस की सुविधा

षिक्षा विभाग के द्वारा सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियो को बस की सुविधा उपलब्ध कराने की धोषणा की गई थी, लेकिन अभी तक बस उपलब्ध ना होने से केंद्रीय मंत्री, मामा षिवराज सिंह चौहान के भांजे भांजियो को स्कूल तक आने में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वह अपनी व्यवस्था से अध्यापन करने स्कूल तक आ-जा रहे हैं।

### 500 विद्यार्थियों को मिलेगी सुविधा

सीएम राइज स्कूल के लिए 10 बस आना है, इसके लिए 7 रुट मैप भी तैयार है। बस प्राप्त होते ही तय रुट पर बसो का संचालन प्रारंभ हो जाएगा। बस सेवा का लाभ करीब 5 सौ विद्यार्थियो को मिलेगा।

**एनपी शिल्पी,** प्राचार्य सीएम राइज स्कूल सिलवानी

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 185.5 मिमी औसत बारिश दर्ज

**रायसेन।** जिले में 1 जून से 8 जुलाई तक 185.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 72.2 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ॠतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। जानकारी के अनुसार रायसेन में 257.8 मिलीमीटर, गैरतगंज में 93.5, बेगमगंज में 230.3, सिलवानी में 242.2, गौहरगंज में 144.4, बरेली में 238.6, उदयपुरा में 180.4, बाड़ी में 227, सुल्तानपुर में 107.7 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 133.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### विहिप बजरंग दल की जिला बैठक आयोजित

**सलामतपुर।** सोमवार को कस्बे में विहिप बजरंगदल की जिला बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक माता मंदिर में सम्पन्न हुई। बैठक प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में रखी गई थी। बैठक में आगामी कार्यक्रमों जिसमें बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा में जाने वाले कार्यकर्ताओं की सूची और स्थापना दिवस पर रायसेन जिले के प्रखंड खंड एवं ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान बैठक में विभाग मंत्री मलखान सिंह, विभाग सह मंत्री दौलत लोंगवानी, जिला मंत्री बद्री प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष गोपाल राठौर, प्रखंड अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, प्रखंड मंत्री निर्भय विश्वकर्मा, नीलेश शर्मा और विकास रायकवार शामिल रहे।

### सुरक्षा सैनिक भर्ती कैंप आयोजित, 9 का चयन

**रायसेन।** शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पदो पर भर्ती कैंपो का आयोजन जनपद पंचायत गैरतगंज में किया, जिसमें 25 लड़को ने भाग लिया। नीमच से आये भर्ती आधिकारी संतोष सिंह ने मांप दंड के आधार पर 9 लडको का चयन किया। अगला कैंप आज जनपद पंचायत बेगमगंज में, 10 जुलाई को जनपद पंचायत सिलवानी में, 11 जुलाई को उदयपुरा में, 12 जुलाई को बाडी में, 15 जुलाई को ओबेदुल्लागंज में तथा 16 जुलाई को जनपद पंचायत सांची में आयोजित किए है। रायसेन जिले में भर्ती शिवरों का अयोजन प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा।

### बिना कलेक्शन लिए ही अवैध रूप से डोरी डालकर चला रहे थे मोटर

# किसान धान के गढ़े भरने घरेलू बिजली से जोड़ रहा था लाइन, करंट से हुई मौत


◆ भोपाल के अस्पताल में मौत, सांची के सिविल अस्पताल में हुआ पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार सुबह एक किसान की मौत बिजली का करंट लगने से हो गई। करंट उस समय लगा जब किसान खेत का कनेक्शन नही होने के बाद भी अवैध रूप से 24 घंटे वाले घरेलू ट्रांसफार्मर में डोरी डालकर धान के घड़ों में पानी भरने के लिए मोटर चला रहा था।


मृतक रूप सिंह लोधी

परिजन युवक को गंभीर हालत में भोपाल के अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजन पोस्टमार्टम के लिए शव को सांची सिविल अस्पताल ले आए। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी अनुसार मुड़यिाखेड़ा गांव में रहने वाले किसान रूप सिंह लोधी पिता महाराज सिंह लोधी उम्र 28 वर्ष सोमवार सुबह लगभग दस से ग्यारह बजे के बीच जोगीपुरा रोड पर स्तिथ बिजली के ट्रांसफार्मर पर डोरी डाल रहा था। उसी समय वह बिजली करंट की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि हादसे वाली जगह पर रूप सिंह धान के घड़ों में पानी भरने की तैयारी कर रहा था। घड़ों में पानी भरने के लिए उसने पास ही बह रहे नाले में मोटर डाली थी। ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि रूप सिंह की एक बेटी है। और उसकी पत्नी भी पिछले वर्ष फांसी लगाकर अपनी जान दे चुकी है।



### बिजली कंपनी समय रहते नही करती कार्रवाई

*मुड़ियाखेड़ा गांव में बिजली कंपनी अवैध बिजली कनेक्शनों पर समय रहते कार्रवाई करती तो एक किसान की जान बचाई जा सकती थी। क्योंकि घटनास्थल से बिजली फीडर की दूरी महज आधा किलोमीटर भी नही है। किसान धान के घड़ों में पानी भरने के लिए 24 घंटे वाली घरेलू डीपी में ही अवैध कनेक्शन कर रहे हैं। और यह सब बिजली कंपनी की मिलीभगत के बिना संभव नही है। उसके बाद भी बिजली कम्पनी के लाइनमैन इस मामले में अपना पल्ला झाड़ते नजर आए।*

### इनका कहना है

*रूप सिंह लोधी मुड़यिाखेड़ा का खेती के लिए कोई स्थाई कनेक्शन नही था। वह 24 घंटे वाले घरेलू ट्रांसफार्मर पर डोरी डालकर मोटर चला रहा था। उसी समय करंट की चपेट में आ गया।*

**मनीष श्रीवास्तव**, जेई विद्युत वितरण कंपनी सलामतपुर

*सोमवार सुबह मुड़यिाखेड़ा गांव में करंट लगने से युवक की मौत हो गई है। परिजन थाने में बिना जानकारी दिए ही युवक को भोपाल के अस्पताल ले गए थे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। दोपहर के समय वापस आने पर पुलिस ने सांची के सिविल अस्पताल में युवक का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले को जांच में लिया है।*

**दिनेश सिंह रघुवंशी**, थाना प्रभारी

# मजदूरों से भरा ऑटो पलटा एक दर्जन से अधिक घायल

### धान लगाने के लिए जा रहे थे सभी मजदूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्राम खनपुरा में सोमवार सुबह 9:30 बजे मजदूरों से भरा ओवरलोड ऑटो पलट गया। इस घटना में 15 से ज्यादा मजदूरों को चोट लगी है, जिनमें से तीन गंभीर है, एक को भोपाल रेफर किया गया है।

सभी मजदूर धान लगाने खेतों पर जा रहे थे इसी दौरान तेज रफ्तार ऑटो बेकाबू होकर पलट गया। मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, यहां घायलों का इलाज जारी है। हादसे में अमित यादव, कैलाश वंशकार, शिवम, विकास, आर्यन, मुकेश, करण, जितेंद्र विक्रम, धनसिंह, रानी बैरागी अंकित पाल, माया बाई, पूजा, कृष्णा, मिश्री बाई, गंगा आदि घायल हुए है। इसमें से अंकित यादव को भोपाल रेफर किया गया है, कैलाश बाई गंभीर घायल है।

### ओवरलोड दौड़ रहे ऑटो

*आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद भी इनसे सबक नहीं लेकर जिला परिवहन अधिकारी की नाक के नीचे ही ओवरलोड ऑटो सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन ऑटो चालकों पर जिला परिवहन अधिकारी की ओर से ना ही कोई कार्रवाई की जाती और ना ही जांच जबकि ओवरलोड ऑटो जिला परिवहन कार्यालय के सामने से ही दिन-रात निकल रहे हैं। वहीं स्कूल छोड़ने और ले जाने वाले ऑटो चालक भी बच्चों की जान जोखिम में डालकर बच्चों को ऑटो के पीछे लटका कर शहर से गुजर रहे हैं इन दिनों शहर में करीब एक हजार से ज्यादा ऑटो नियमों को ताक पर रखकर दौड़ रहे हैं इन ऑटो के कारण शहर में जाम की स्थिति भी बन रही है।*

# चलती ट्रेन से उतरते समय युवती गिरकर घायल, अस्पताल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर जनशताब्दी एक्सप्रेस के रुकने से पहले ही एक युवती ने उतरने की कोशिश की। वह प्लेटफार्म पर गिरकर घायल हो गई। उसके सिर में चोट लगी है। डॉग स्क्वाड स्टाफ ने उसे अस्पताल भिजवाया।

इटारसी के सनखेड़ा नाका निवासी साक्षी पटवा को इटारसी से बनखेड़ी जाना था। लेकिन, वे भोपाल जा रही जनशताब्दी ट्रेन में बैठ गईं। ट्रेन इटारसी से भोपाल के लिए रवाना हो गई। नर्मदापुरम आने के पहले उसे पता चला कि गलत ट्रेन में वो बैठ गई। युवती घबरा गई। उसने उतरने की इतनी जल्दबाजी की कि प्लेटफार्म पर ट्रेन रुकती, उससे पहले उतर गई।

संतुलन बिगड़ने पर वे प्लेटफार्म पर गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ डॉग स्क्वाड के डॉग हैंडलर अजीत सिंह राजपूत एवं ओमप्रकाश रघुवंशी मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद एएसआई प्रतिमा सिंह मौके पर पहुंची। फिर डॉग स्क्वाड के जवान ही घायल युवती को उठाकर प्लेटफार्म के बाहर लेकर आए और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। आरपीएफ डॉग स्क्वाड की सूचना पर युवती का भाई और उसकी बहन भी अस्पताल पहुंचे।





# बौद्धधर्म-दर्शन एवं मूल्यपरक शिक्षा पर 5 दिवसीय कार्यशाला आयोजित

◆ राष्ट्रीय शिक्षा नीति व भारतीय ज्ञान प्रणाली के परिप्रेक्ष्य में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर




बौद्धधर्म-दर्शन एवं मूल्यपरक शिक्षा पर केंद्रित पांच दिवसीय कार्यशाला का जनजातीय संग्रहालय में शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार मेनन ने कहा कि भारतीय ज्ञान पद्धति में मूल्यों पर विशेष जोर देते हुए आचार्यों के गुण बताए गए क्योंकि यदि आचार्य मूल्यवान होगा तो उसके द्वारा दी गई शिक्षा भी मूल्यपरक हो जाएगी। हमें परा और अपरा विद्या की सम्यक शिक्षा दी गई जिससे भारतीय समाज आक्रांता नहीं बना।

प्रो मेनन ने कहा कि शब्द संस्कृति से आते है और भाषा में दूसरे शब्दों की मिलावट संस्कृति को संक्रमित कर देती है ।बीज वक्तव्य देते हुए महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल, हरियाणा के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्र भारद्वाज ने कहा कि भारतीय चिंतन सार्वभौमिकता, सार्वकालिक और सर्वग्राह्यता के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होने आव्हान किया कि हमें शोध के पश्चिमी तरीकों को सीखना और उपयोग में लाना चाहिए।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने टेकरी धाम में रोपे पौधे

**सिलवानी।** भाजपा संगठन द्वारा प्रारंभ किए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत गांव गांव मे भाजपा कार्यकताओ द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया जा रहे है। इसी कड़ी में मुआर ग्राम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पटेल मयंक रघुवंशी द्वारा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणो के साथ पौधरोपण किया। मुआर गांव के टेकरी मंदिर पर विभिन्न प्रजाति के फूलदार व फलदार 11 पौधो का रोपण कर ग्राम के सार्वजनिक स्थानो पर पौधरोपण करने की प्रतिबद्वता जताई। उन्होने बताया कि सभी को एक एक पौधा आवश्यक रुप से रोपित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद सदस्य सरोज लक्ष्मी नारायण रघुवंशी के नेतृत्व में जैतपुर जनपद वार्ड की 5 ग्राम पंचायतों में 1100 पौधो का रोपण किया जाएगा।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# हॉट स्पॉट स्थलों पर हादसे रोकने उठाएं जरूरी कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने हेतु किए जा रहे कार्यो और गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित किए गए ऐसे स्थल जहां विगत वर्षो में सड़क दुर्घटना में अधिक मृत्यु या गंभीर रूप से घायल होने की घटनाएं हुई हैं, उन हॉट स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने गत बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में की गई कार्रवाई की भी जानकारी ली।

कलेक्टर दुबे ने कहा कि सड़कों पर बैठने वाले पशुओं को हटाने के संबंध में पशुपालन विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन पशुओं के मालिकों को समझाइश दी जाए तथा इसके उपरांत भी नहीं मानने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही पशुओं को गोशालाओं में छोड़ा जाए।

बैठक में कलेक्टर तथा एसपी द्वारा हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हांकित किए अमरावद घाटी से लक्ष्मीदेवी वेयरहाउस तक, देवनगर में एसबीआई बैंक से आस्तिक वेयरहाउस तक, बेगमगंज में एसबीआई से बस स्टैंड तक, बम्होरी में पुलिस थाना से कुण्डाली कोठारी मार्ग तक, बरेली में बाग पिपरिया, भौडिया बस स्टैंड बरेली, कोटपार चौराहा से कोटपार हायर सेकंडरी स्कूल, गौहरगंज बायपास सहित अन्य हॉट स्पॉट के बारे में चर्चा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु डिवाइडर, स्पीड ब्रेकर, रिफलेक्टर या संकेत चिन्ह लगाने सहित जरूरी कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में ग्रामीण सड़कें जहां हाईवे या मुख्य सड़क से जुड़ती हैं, उस स्थान के पूर्व ग्रामीण सड़क पर ही स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्री बसों और स्कूल बसों की जांच करने के भी निर्देश दिए। साथ ही स्कूल, कॉलजों तथा सार्वजनिक स्थलों पर यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित किए जाने के लिए भी कहा।

### यातायात नियमों का पालन करने वालों पर करें कार्रवाई

बैठक में एसपी विकास शहवाल ने नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने हेतु की जा रहीं गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अधिकतर वाहनों की दुर्घटनाओं में चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण मृत्यु या गंभीर चोट की स्थिति बनती है। इसके दृष्टिगत जनजागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को समझाइश दी जा रही है। इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत सख्ती से कार्रवाई भी की जा रही है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### टीएल बैठक में बोले कलेक्टर- कोई भी शिकायत लंबे समय तक न रहे लंबित

#### कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन व विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों तथा सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों तथा उनके निराकरण की समीक्षा के दौरान डी और सी ग्रेड में शामिल विभागों के अधिकारियों को आागमी 7 दिन में लंबित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन में शिकायत प्राप्त होते ही निराकरण की कार्यवाही की जाए। कोई भी शिकायत अधिक समय तक लंबित ना रहे।

बैठक में पीएचई, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



### पौधरोपण के लिए लोगों को किया जाए प्रेरित

*कलेक्टर ने जिले में चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि वायुदूत एप पर पंजीयन कर पौधरोपण की फोटो भी अपलोड करें। लोगों को इसकी जानकारी दी जाए तथा उन्हें पौधरोपण हेतु प्रेरित भी किया जाए। रोपित किए जा रहे पौधों की देखभाल और सुरक्षा भी जरूरी है, जिससे वह वृक्ष का आकार ले सकें। उन्होंने जिले में खरीफ फसलों की बोनी की स्थिति तथा खाद की आपूर्ति तथा वितरण की भी जानकारी ली।*